YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT नवभारत टाइम्स

आज मां महागौरी की होगी पूजा

Gurgaon Times

प्रियंका चोपड़ा ने लिया कमला हैरिस का इंटरव्यू

नई दिल्ली > सोमवार, 3 अक्टूबर 2022 > आश्विन 11 शक संवत 1944 आश्विन शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2079 www.navbharatgold.com वर्ष 76, संख्या 235 > पेज 18* > गुड़गांव > मूल्य 3.00 या 8.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

सपनों को साकार करने में उत्सव मददगार

चारों ओर उत्सव की धूम के साथ रियल एस्टेट सेक्टर भी नए रूप में सामने आ रहा है

Rakesh.Malik2@timesgroup.com

अक्सर यह कहा जाता है कि रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता है। यह उन लोगों के लिए अच्छा समय हो सकता है, जो कदम बढ़ाकर नए घर में जाने या भविष्य के लिए निवेश करने की सोच रहे हैं। अनुकूल मार्केट स्थितियां, ढेर सारे विकल्प, किफायती लोन रेट्स और त्योहारी ऑफर्स, ये सभी मिलकर इसे रियल एस्टेट खरीदने या निवेश करने का एक आदर्श समय बनाते हैं।

इंडस्ट्री के प्लेयर्स को लगता है कि पहली बार घर खरीदने वालों से लेकर बड़े घरों में अपग्रेड करने वालों तक में इस त्योहार को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। त्योहारों की खरीदारी के बारे में क्रेडाई एनसीआर प्रेसिडेंट और गौर समूह के सीएमडी मनोज गौर कहते हैं कि त्योहारों का मौसम भारत में एक नई शुरुआत लेकर आता है। रियल एस्टेट की खरीद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वर्ष के इस समय में किया जाता है। इस त्योहारी सीजन को खास बनाने के लिए लोग तब ज्यादा मेहनत करते हैं, जब मार्केट की भावनाएं सकारात्मक हों और अर्थव्यवस्था भी उत्साहित हो।

त्योहारी सीजन हर उद्योग को बढ़ावा देता है, जिसमें जूलरी, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और अन्य सेगमेंट शामिल हैं, जो निवेशकों के लिए आर्थिक स्थिरता लाते हैं।

काउंटी ग्रुप के डायरेक्टर अमित मोदी कहते हैं कि हालांकि, रियल एस्टेट सेगमेंट एक प्राथमिकता बन गया है, क्योंकि यह अच्छे रिटर्न देने का वादा करता है और हमारे देश में इसे प्रतिष्ठा का प्रतीक भी माना जाता है। यह त्योहारी सीजन भी रियल एस्टेट सेक्टर में काफी ग्राहकों को आकर्षित करने वाला है, क्योंकि शानदार सुविधाओं के साथ हॉटस्पॉट विकसित करने में बड़ी परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह खरीदारों की जीवन शैली को आगे बढ़ाती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन से भारतीय रियल एस्टेट मार्केट को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक्सॉन डिवेलपर्स के फाउंडर और एमडी अंकित कंसल कहते हैं कि मार्केट की धारणा पहले से ही अच्छी है और आने वाले त्योहारों के साथ समग्र भावनाओं के चलते इसमें और तेजी आएगी। अधिकांश प्रमुख डिवेलपर्स इस दौरान शानदार योजनाएं, डिस्काउंट ऑफर्स लॉन्च करते हैं। इसके साथ ही गिफ्ट वाउचर, इंटरनैशनल टूर के टिकट और बहुत कुछ लेकर आते हैं, जो होम बायर्स को काफी पसंद आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इससे न केवल ऐंड यूजर्स, बल्कि मार्केट में भी निवेशकों की रुचि में वृद्धि देखने को मिलती है। ऐसे में आने वाले महीनों में मार्केट लगातार आगे बढ़ने के लिए तैयार है। नोएडा के मार्केट में सकारात्मक प्रभाव पहले से ही दिखाई दे रहा है, क्योंकि खरीदार से जुड़ी पूछताछ में 30-40 प्रतिशत की मासिक उछाल देखी गई है। यह एक ऐतिहासिक ट्रेंड है, क्योंकि मार्केट हमेशा नवरात्रि से ठीक पहले उछाल लेता है और दिसंबर के मध्य तक इसमें लगातार ग्रोथ देखने को मिलती है। इस बार भी नोएडा रियल एस्टेट तेजी से बढ़ रहा है। इसके अलावा, यह अभी भी एनसीआर में एक किफायती मार्केट है, जो आगे कई गुना बढ़ सकता है।

फेस्टिव सीजन हर उद्योग को बढ़ावा देता है, जिसमें जूलरी, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट आदि शामिल होते हैं, जो निवेशकों के लिए आर्थिक स्थिरता लाते हैं। हालांकि, ट्रेंड इशारा करते हैं कि रियल एस्टेट सेगमेंट एक प्राथमिकता बन गया है क्योंकि यह शानदार रिटर्न देने का वादा करता है।

इंडस्ट्रियलिस्ट्स को ये भी लगता है कि लग्जरी हाउसिंग की डिमांड इस सीजन तेज रहेगी। बर्कशायर हैथवे होम सर्विसेज ओरेंडा इंडिया में मार्केटिंग और कम्यूनिकेशंस की चीफ एडवाइजर सान्या एरेन का मानना है कि लग्जरी रियल्टी सेगमेंट में आई तेजी इस त्योहारी सीजन में जारी रहेगी। 1 करोड़ या उससे अधिक में बिक्री की हिस्सेदारी के साथ 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इस साल की पहली छमाही में 20 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में लग्जरी आवास की मांग मजबूत बने रहने वाली है। एनसीआर में लग्जरी घरों की बिक्री 2019 में 4 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 12 प्रतिशत हो गई है। दिल्ली-एनसीआर, शीर्ष सात शहरों में एक प्रमुख प्लेयर रहा है, जिसमें लग्जरी सेगमेंट इकाइयों की बिक्री में सबसे अच्छा ट्रेंड देखा गया है। फेस्टिव सीजन के दौरान जितना अधिक आकर्षण होता है, उतना ही लग्जरी रियल्टी अच्छा प्रदर्शन करता है। यह आकर्षण फेस्टिव की समाप्ति के बाद भी उच्च स्तर पर बना रहेगा। ऐसे में सप्लाई करने वालों की कोई बाधा नहीं होने और अंतिम उपयोगकर्ताओं की ओर से डिमांड होने के कारण, लग्जरी सेगमेंट जीत की स्थिति प्रदान करेगा।

अच्छा टर्नओवर और सकारात्मक मार्केट वाली धारणा के साथ फेस्टिव सीजन के बहुत ही शुभ होने की उम्मीद है। मिगसन ग्रुप के एमडी यश मिगलानी कहते हैं कि इस फेस्टिव सीजन में अच्छे खरीदरी होने की उम्मीद है। सीजन की शुरुआत में अब तक की गति काफी अच्छी बनी हुई है और यह बढ़ती रहेगी, अभी बहुत सारे त्योहार कतार में हैं। यह सिलसिला कम से कम दो महीने तक चलेगा। प्रॉपर्टी की डील्स बढ़ेंगी और इंवेंट्री की संख्या में गिरावट आएगी।